# श्रम सचिव रघुराज ने आंगनबाड़ी केन्द्र का लिया जायजा

**श्रम सचिव रघुराज राजेन्द्रन पहुंचे टीकमगढ़**

**सेवा से संकल्प अभियान के कार्यक्रमों में हुए शामिल**




**नवभारत न्यूज,टीकमगढ़। टीकमगढ़। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर चलाए जा रहे सेवा से संकल्प अभियान के तहत टीकमगढ़ जिले में तमाम कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम के तहत श्रम एवं तकनीकी शिक्षा तथा कौशल विकास विभाग के सचिव रघुराज राजेन्द्रन टीकमगढ़ पहुंचे जहां उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया।**

सचिव श्रम एवं तकनीकी शिक्षा तथा कौशल विकास विभाग रघुराज राजेंद्रन आज टीकमगढ़ पहुंचे। उनके टीकमगढ़ आगमन के दौरान जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न व्यवस्थाओं और विभागीय गतिविधियों की जानकारी दी गई। इस दौरान उन्होंने तखा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर वहां बच्चों के लिए संचालित व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान सचिव रघुराज राजेंद्रन ने आंगनबाड़ी केंद्र में मौजूद बच्चों से बातचीत की और उन्हें उपलब्ध कराए जा रहे पोषण आहार की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों से बच्चों को दिए जाने वाले पोषण आहार, उसकी गुणवत्ता, वितरण व्यवस्था और बच्चों की उपस्थिति सहित अन्य व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने यह भी देखा कि आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के लिए शासन की योजनाओं का किस तरह क्रियान्वयन किया जा रहा है।

सचिव ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं संबंधित अधिकारियों से केंद्र की व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की और बच्चों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के प्रारंभिक विकास और पोषण की दृष्टि से महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए यहां उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं और पोषण आहार की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाना आवश्यक है। श्री राजेन्द्रन ने रक्तदान शिविर में भी भाग लिया और रक्तदान की अपील की।

**पुरानी यादें हुईं ताजा**

दरअसल जब श्रम सचिव राघुराज राजेन्द्रन टीकमगढ़ पहुंचे तो सबसे पहले उन्होंने विद्युत विभाग द्वारा कराए जा रहे रक्तदान शिविर में भाग लिया। इसके बाद वह तखा आंगनबाड़ी केन्द्र पहुंचे जहां उन्होंने बच्चों के पोषण आहार के बारे में जानकारी ली। फिर क्या था वह अपनी पुरानी यादें ताजा कर बैठे उनके कुछ पुराने मित्र उनसे मिलने पहुंचे तो वे बेहद खुश हुए। एक मित्र ने उनसे कहा कि आज आप आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण कर रहे हैं, लेकिन जब टीकमगढ़ कलेक्टर के तौर पर पदस्थ थे, तब आप अपने बेटे को आंगनबाड़ी भेजा करते थे। रघुराज राजेन्द्र यह सुन प्रसन्न हो बैठे। ज्ञात रहे कि रघुराज राजेन्द्रन टीकमगढ़ में कलेक्टर की कमान संभाल चुके हैं और उनका कार्यकाल बेहतर माना गया।

# गणेश प्रतिमा को खंडित करने वाले गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। मबई गांव में गणेश प्रतिमा खंडित करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। देहात थाना पुलिस ने देर रात यह कार्रवाई की और मामला दर्ज किया। गुरुवार को देहात थाना प्रभारी चंद्रजीत यादव ने इस पूरे मामले की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पुलिस ने सख्ती से कार्यवाही करते हुए आरोपियों को धर दबोचा है।**



जानकारी देते हुए देहात थाना प्रभारी चंद्रजीत यादव ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों के नाम प्रकाश अहिरवार, मनोज अहिरवार और भागचंद अहिरवार हैं। ये तीनों सगे भाई हैं। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि साउंड सिस्टम की आवाज कम करने को लेकर यह विवाद हुआ था। यह घटना बुधवार रात की है। मबई गांव में टीकमगढ़-जतारा रोड पर हायर सेकेंडरी स्कूल के पास गणेश पंडाल लगा था। कुछ युवकों ने पंडाल में रखी प्रतिमा को खंडित कर दिया था ।स्थानीय लोगों ने बताया कि आरोपियों ने शराब के नशे में प्रतिमा को फेंका और पंडाल में मौजूद लोगों से मारपीट भी की। इस घटना के बाद गांव में तनाव फैल गया और बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए थे ।सूचना मिलते ही डायल 112 और देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने स्थिति को संभाला। आयोजन समिति के अनिल अहिरवार की शिकायत पर देहात थाना पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की।

ज्ञात रहे कि जैसे यह घटना हुई तो लोगों में आक्रोश देखने को मिला। हर किसी ने घटना की निंदा की और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग उठी। यह देख प्रशासन ने सख्ती दिखाई और देहात थाना पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। हालांकि यह घटना जिस गांव में हुई उस गांव में भी घटना के बाद तनाव का माहौल देखने को मिला।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत किया गया रक्तदान



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। भाजपा कार्यकर्ताओं ने सेवा संकल्प अभियान की शुरुआत की। 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान के पहले दिन कार्यकर्ताओं ने जिला अस्पताल के ब्लड बैंक केंद्र में रक्तदान किया। भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत ने बताया कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर 75 यूनिट ब्लड डोनेट करने का लक्ष्य रखा गया है।**

जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले में 13 अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों की निगरानी के लिए जिला टोली, समन्वयक, प्रभारी और मंडल स्तर की टोलियां बनाई गई हैं।

अभियान के जिला संयोजक राजेंद्र तिवारी ने बताया कि आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम का मुख्य मकसद प्रधानमंत्री मोदी के संवैधानिक पद पर 25 साल पूरे होने पर उनके सेवा और सुशासन के लिए आभार जताना है। इसी के तहत जिले की 32 खास जगहों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने शहर और गांव के लोगों के साथ दीप प्रज्ज्वलित किए।

# संगम रोजगार मेले का होगा आयोजन

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। जिले में वेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा इसका आयोजन किया जा रहा है।**

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शासकीय पीजी कॉलेज, टैगोर हॉल कुण्डेश्वर रोड टीकमगढ़ में 24 सितम्बर 2026 को प्रात: 11 बजे से युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। मेले में युवा भाग लेंगे।

# खरगापुर में अब दो दिन लगेगा एसडीएम लिंक कोर्ट

**नवभारत न्यूज, खरगापुर। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए एक बड़ी राहत की खबर है। अब अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ( एसडीएम ) न्यायालय से जुड़े मामलों की सुनवाई के लिए लोगों को दूर नहीं भटकना पड़ेगा। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अजय सिंह यादव के विशेष प्रयासों से खरगापुर तहसील परिसर में ही एसडीएम लिंक कोर्ट का शुभारंभ किया गया है।**



नए फैसले के अनुसार, बल्देवगढ़ एसडीएम कोर्ट से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई अब सप्ताह में 2 दिन खरगापुर तहसील कार्यालय में ही आयोजित की गई इससे क्षेत्र के हजारों लोगों को न्यायिक व प्रशासनिक कार्यों के लिए बार-बार बल्देवगढ़ जाने की मजबूरी से मुक्ति मिलेगी। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय सिंह यादव ने कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास और आमजन को बुनियादी सुविधाएं आसानी से उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने भरोसा जताया कि इस व्यवस्था से स्थानीय लोगों को राजस्व व प्रशासनिक मामलों के त्वरित निपटारे होंगे।

# निभाएं सहभागिता

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग-2027 के अंतर्गत विकसित भारत क्विज का आयोजन किया जा रहा है। 15 से 29 वर्ष के पात्र युवा माय भारत पोर्टल के माध्यम से क्विज में सहभागिता कर सकते हैं।**

22 भाषाओं में आयोजित क्विज में भारत की विरासत, उपलब्धियों, विकास यात्रा एवं विकसित भारत /2047 से जुड़े विषयों पर प्रश्न होंगे। राष्ट्रीय स्तर पर चयनित युवाओं को प्रधानमंत्री के समक्ष अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा।

# आउटरीच कार्यक्रम 22 को होगा

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। भारत सरकार के निर्देशानुसार आयकर अधिकारी ग्वालियर द्वारा आयकर अधिनियम एवं टीडीएस से संबंधित विषयों पर जागरूकता एवं समाधान के उद्देश्य से जिले में आउटरीच प्रोग्राम, जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।**

यह कार्यक्रम 22 सितंबर को दोपहर 2 बजे से संयुक्त कलेक्टर कार्यालय, टीकमगढ़ के सभा कक्ष, मीटिंग हॉल में आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम में जिले के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को टीडीएस की कटौती एवं जमा करने की प्रक्रिया, ई-फ ाइलिंग में होने वाली त्रुटियों के कारण उत्पन्न अनावश्यक टीडीएस मांग तथा आयकर संबंधी शिकायतों के निराकरण की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम का उद्देश्य आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को आयकर एवं टीडीएस संबंधी प्रावधानों के प्रति जागरूक करना होगा।

# बकाया कर जमा करें

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मध्यप्रदेश वृत्तिकर संशोधन अधिनियम के अंतर्गत वर्ष 2026-27 के लिये वृत्तिकर जमा करने की अंतिम तिथि 30 सितम्बर 2026 है।**

अत: जीएसटी से पंजीकृत, अपंजीकृत व्यवसाई, निजी विद्यालय, महाविद्यालय, कम्प्यूटर सेंटर, चिकित्सक, चिकित्सा व्यवसायी, मदिरा दुकान संचालक, चिटफ ण्ड संचालित वाली संस्थायें या व्यक्ति, सहकारी सोसाईटी, केबल ऑपरेटर,जिससे शास्ति एवं वसूली की कार्यवाही होगी।

# वनोपज यूनियन की बैठक 25 को

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़ जिला वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित टीकमगढ़ के समस्त प्रतिनिधियों को सूचित किया गया है कि जिला यूनियन टीकमगढ़ की वार्षिक साधारण सभा ( आमसभा ) की बैठक 25 सितम्बर को दोपहर 2 बजे से वन मण्डल कार्यालय मामौन दरवाजा टीकमगढ़ में उपायुक्त सहकारिता ( प्रशासक ) टीकमगढ़ की अध्यक्षता में आयोजित की गई है।**

बैठक में प्राथमिक वनोपज समितियों के जिला यूनियन हेतु निर्वाचित प्रतिनिधि आमंत्रित हैं।

वार्षिक साधारण सभा के आयोजन हेतु निर्धारित समय पर गणपूर्ति के अभाव में अहूत आमसभा आधे घंटे के लिये स्थगित करने के पश्चात उपरान्ह 2:30 बजे पुन: उसी स्थान पर आयोजित की जायेगी।

इस बैठक को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। जल्द ही तैयारियों को पूर्ण कर बैठक 25 को आयोजित होगी और तमाम तरह की रणनीति बनाई जाएगी।

# पृथ्वीपुर के विधायक ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण

**नवभारत न्यूज, मोहनगढ़। क्षेत्रीय विधायक नितेन्द्र सिंह राठौर ने नन्दनवारा गांव स्थित करसदैव मंदिर परिसर में विधायक निधि से कराए गए विकास कार्यों का लोकार्पण किया।**



इस अवसर पर ग्रामीणों एवं मंदिर समिति के सदस्यों ने विधायक का स्वागत किया ।विधायक निधि से मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न विकास कार्य कराए गए हैं। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान विधायक नितेन्द्र सिंह ने कहा कि धार्मिक स्थलों का विकास क्षेत्र की आस्था और संस्कृति से जुड़ा विषय है। ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के साथ धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों के विकास को भी प्राथमिकता दी जा रही है ।ग्रामीणों ने मंदिर परिसर में विकास कार्य कराए जाने पर विधायक का आभार जताया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि राजेंद्र दांगी , ग्रामीण एवं मंदिर समिति से जुड़े लोग मौजूद रहे।

# लक्ष्मण कनिष्ठ अभियंता से बने सहायक अभियंता

**नवभारत न्यूज, पलेरा। विद्युत विभाग पलेरा में पदस्थ कनिष्ठ अभियंता लक्ष्मण कुशवाहा को विभागीय पदोन्नति मिली है। पदोन्नति के बाद उन्हें सहायक अभियंता के पद पर नियुक्त किया गया है। उनकी पदोन्नति की जानकारी मिलते ही विद्युत विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं हेल्पर टीम में खुशी का माहौल रहा। सहकर्मियों ने कार्यालय पहुंचकर उनका फूल-माला पहनाकर स्वागत किया और मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।**



इस अवसर पर विभागीय कर्मचारियों ने कहा कि लक्ष्मण कुशवाहा लंबे समय से विद्युत विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। विभागीय कार्यों के साथ-साथ विद्युत व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

पदोन्नति के बाद सहायक अभियंता के रूप में उनकी जिम्मेदारियां और बढ़ गई हैं। कर्मचारियों ने उम्मीद जताई कि उनके अनुभव एवं कार्यशैली का लाभ विभाग को मिलेगा और क्षेत्र में विद्युत संबंधी कार्यों को और बेहतर गति मिलेगी।

# प्रवेश के लिए ऑनलाइन भरें अपना आवेदन

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

**जवाहर नवोदय विद्यालय समिति द्वारा शैक्षणिक सत्र 2027-28 में कक्षा 9वीं एवं 11वीं में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए लेटरल एंट्री सिलेक्शन टेस्ट 2027 हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इच्छुक एवं पात्र विद्यार्थी निर्धारित प्रक्रिया के तहत ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।**

समिति द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 सितंबर निर्धारित की गई है।

# अलोपा गांव में बच्चों को नहीं मिल रहा मध्याह्न भोजन

**नवभारत न्यूज,टीकमगढ़। टीकमगढ़ जिले के पलेरा जनपद पंचायत के ग्राम अलोपा स्थित स्कूल में मध्यान्ह भोजन व्यवस्था को लेकर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं।**

बच्चों का कहना है कि उन्हें कई बार मीनू के अनुसार भोजन नहीं मिलता और भोजन मिलने पर भी केवल दाल-चावल परोसा जाता है। मामले की जांच की मांग उठ रही है। ग्राम अलोपा स्थित स्कूल में बच्चों को मिलने वाले मध्यान्ह भोजन को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। बच्चों का आरोप है कि स्कूल में निर्धारित मीनू के अनुसार भोजन उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। पिछले कुछ हफ्तों में कई बार मध्यान्ह भोजन नहीं मिलने की बात भी बच्चों ने कही है। बच्चों के मुताबिक जब भोजन मिलता है तो कई बार सिर्फ दाल-चावल ही परोसा जाता है। उनका आरोप है कि दाल में पानी अधिक होता है और चावल की मात्रा भी पर्याप्त नहीं रहती। इससे बच्चों को पेट भर भोजन नहीं मिल पाने की स्थिति बन रही है। स्कूल के बच्चों ने बताया कि मध्यान्ह भोजन नियमित रूप से नहीं मिलने के कारण उन्हें परेशानी होती है। बच्चों का कहना है कि पिछले कुछ सप्ताह में कई बार उन्हें भोजन से वंचित रहना पड़ा। वहीं, भोजन मिलने पर भी मीनू में निर्धारित अलग-अलग खाद्य सामग्री की जगह केवल दाल-चावल दिए जाने का आरोप है। मध्यान्ह भोजन का उद्देश्य स्कूल आने वाले बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना है, ताकि उनके पोषण के साथ-साथ स्कूल में उनकी नियमित उपस्थिति को भी बढ़ावा मिले। ऐसे में भोजन की गुणवत्ता और नियमितता को लेकर सामने आई शिकायतें गंभीर सवाल खड़े करती हैं।

# बीमारियों की रोकथाम हेतु दवा का छिड़काव

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मानसून सत्र के दौरान जलजनित बीमारियों की रोकथाम एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड द्वारा विशेष क्लोरीनेशन अभियान चलाया जा रहा है।**

हैडपंपों एवं कुओं सहित पेयजल स्त्रोतों का निर्धारित मानकों के अनुसार क्लोरीनेशन किया जा रहा है। दूषित जल से होने वाली बीमारियों की रोकथाम की जा सके।

**लापरवाही** — बंद पड़े रहते ग्रामीण अंचलों के आंगनबाड़ी केन्द्र

# नंदनवारा गांव में आंगनबाड़ी केन्द्र मिले बंद, लापरवाही आई सामने




**नवभारत न्यूज, मोहनगढ़। जतारा परियोजना अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत नंदनवारा में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यवस्थाओं को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। गुरुवार को गांव में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र ( अ ) एवं ( ब ) बंद मिले, जिससे केंद्रों पर आने वाले बच्चों तथा हितग्राहियों को मिलने वाली पोषण एवं अन्य सेवाओं को लेकर चिंता सामने आई है।**

ग्रामीणों के अनुसार आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं को पोषण आहार सहित विभिन्न सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। ऐसे में केंद्रों के समय पर नहीं खुलने से पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ प्रभावित होने की आशंका है ।नंदनवारा ग्राम पंचायत के दोनों आंगनबाड़ी केंद्रों के बंद मिलने के बाद ग्रामीणों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से व्यवस्था की निगरानी और नियमित संचालन सुनिश्चित कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि केंद्र सप्ताह में मुश्किल से 2 दिन खुलते हैं जिससे बच्चों की उपस्थिति, पोषण व्यवस्था और विभागीय गतिविधियां प्रभावित हो सकती हैं।

केन्द्र से संबंधित जानकारी के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से दूरभाष पर बात करने की कोशिश की तो उनके बेटे हरीश ने फोन पर कहा आंगनबाड़ी केंद्र प्रतिदिन खोलना आवश्यक नहीं है क्योंकि केंद्र पर बच्चे नहीं आते हैं, हरीश ने तो यह भी कहा कि मैं भी बीएसएफ में नौकरी करता हूं ग्रामीण अंचल में छोटी-छोटी गलतियां होती रहती हैं यह सब अधिकारी भी जानते हैं।

लापरवाही को लेकर लगातार शासन प्रशासन सख्त इसके बाद भी ऐसे मामले सामने आने का मतलब सीधे चुनौती देना है। हालांकि टीकमगढ़ कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ऐसे मामलों को लेकर लगातार सख्ती दिखा रहे हैं, जिससे लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ मिले।

**पहले भी हो चुके नोटिस जारी**

इस पूरे मामले को लेकर जतारा परियोजना अधिकारी शशि सिंह से बात की गई तो उनका कहना है कि नंदनवारा आंगनबाड़ी केन्द्रो में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका एवं आशा कार्यकर्ता कि लापरवाही को लेकर इससे पहले भी कई बार नोटिस दिए गए हैं, आपके द्वारा जानकारी प्राप्त हुई है पता करके आगे भी कार्यवाही की जाएगी।

**शशि सिंह**
**परियोजना अधिकारी जतारा**

# तीर्थ दर्शन यात्रा 24 को होगी

**नवभारतन्यूज टीकमगढ़। मध्यप्रदेश शासन धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग मंत्रालय भोपाल के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत, जिले के तीर्थ यात्रियों को 24 अक्टूबर को श्रवणबेलगोला यात्रा जाना प्रस्तावित है।**

मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना अंतर्गत 60 वर्ष या अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिक पात्र हितग्राही इस यात्रा में श्रवणबेलगोला जाने हेतु अपना आवेदन पत्र 23 सितम्बर तक संबंधित जनपद पंचायत,नगर पालिका, नगर परिषद कार्यालय में जमा कर सकते हैं। मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना अंतर्गत यदि एक ही व्यक्ति द्वारा जनपद, नगर परिषद में पृथक-पृथक आवेदन किया गया है, तो आवेदन निरस्त हो सकता है। इसलिये जो व्यक्ति जिस नगर परिषद,जनपद का रहने वाला है।

# सैल सागर, स्टेट बैंक पर खूब लगता है जाम

**नवभारत न्यूज,टीकमगढ़। शहर में लगातार बढ़ती यातायात समस्या के कारण लोगों को आए दिन जाम की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासतौर पर सैल सागर और स्टेट बैंक क्षेत्र में देर शाम यातायात का दबाव बढ़ने के बाद स्थिति बिगड़ जाती है। सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लगने से राहगीरों और वाहन चालकों को काफी देर तक जाम में फंसे रहना पड़ता है।**

शाम के समय बाजार में खरीदारी के लिए लोगों की आवाजाही बढ़ जाती है। इसके साथ ही दोपहिया और चारपहिया वाहनों की संख्या भी बढ़ जाती है। कई जगह सड़क किनारे वाहन खड़े होने और दुकानों के आसपास भीड़ जमा होने के कारण सड़क की चौड़ाई कम पड़ जाती है। ऐसे में थोड़े समय के लिए यातायात बाधित होने पर देखते ही देखते जाम की स्थिति बन जाती है।

ट्रैफिक पुलिस की मौजूदगी नहीं रहने से बढ़ती परेशानी

स्थानीय लोगों का कहना है कि जाम के दौरान यातायात को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त ट्रैफिक पुलिसकर्मी मौके पर नजर नहीं आते। पुलिस की मौजूदगी नहीं होने से वाहन चालक अपनी सुविधा के अनुसार वाहन निकालने का प्रयास करते हैं, जिससे स्थिति और ज्यादा बिगड़ जाती है। कई बार आमने-सामने वाहन फंस जाने से लोगों को काफी परेशानी होती है।

जाम का असर केवल वाहन चालकों तक सीमित नहीं है। सड़क से निकलने वाले पैदल राहगीरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जाम के बीच वाहनों के निकलने की कोशिश के कारण पैदल चलने वालों के लिए रास्ता मुश्किल हो जाता है।

बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को विशेष रूप से परेशानी होती है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित नहीं किया गया तो आने वाले समय में शहर में वाहनों की संख्या बढ़ने के साथ समस्या और गंभीर हो सकती है। ऐसे में प्रशासन को व्यस्त क्षेत्रों को चिन्हित कर स्थायी यातायात व्यवस्था बनाने की जरूरत है।

**व्यवस्था सुधारने की मांग**

शहरवासियों ने प्रशासन और यातायात पुलिस से सैल सागर तथा स्टेट बैंक क्षेत्र में शाम के समय विशेष यातायात व्यवस्था लागू करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि व्यस्त समय में ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की जाए, सड़क किनारे बेतरतीब खड़े वाहनों को हटाया जाए और यातायात नियमों का पालन कराया जाए, ताकि रोजाना लगने वाले जाम से लोगों को राहत मिल सके। लोगों ने कहा है कि प्रशासन को इसके सख्त कदम उठाने चाहिए।